दिनांक 27.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/प्रदेश की नई सरकार के शपथ के बाद शहर सरकार ने सम्पत्तिकर में शहरवासियों को बड़ी राहत दी है हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति से लेकर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के हितों की रक्षा के साथ **''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़''** की परिकल्पना को साकार करेगा। उक्त उद्‌गार महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव ने निगम प्रांगण में नवनिर्मित ध्वजारोहरण स्तम्भ स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया।

उन्होने आगे कहा कि निगम में आने वाला हर नागरिक मुस्कुराता हुआ लौटे हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए। महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, सूर्यकान्त सिन्हा एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने सभी को गणतंत्र के इस महापर्व की बधाई प्रेषित दी। मौसम के विपरीत माहौल में प्रातः 8.00 बजे ध्वजारोहण के पूर्व भारत माता के तैल्य चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीयगान के बाद आयुक्त एस0के0 सुंदरानी सहित सुरेश केवलानी, शरद दुबे, चन्द्रपाल हरमुख, उन्मेश साहू, लखन लाल साहू ने देशभक्ति की गीत एवं कविता का पाठ किया।

निगम के सभी 6 जोन कार्यालय में जोन अध्यक्ष, जोन आयुक्त, वार्ड पार्षद, जोन के अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति में 7.00 बजे ध्वजारोहण किया गया, एवं 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट में भी ध्वजारोहण किया गया।

जिला कार्यालय द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में निगम द्वारा भिलाई का नवाचार स्वच्छता पर आधारित झांकी प्रस्तुत किया गया। जिसमें अजय शुक्ला, मंगला जोशी, रीता चतुर्वेदी, ने जीवांत अभिनय किया। मुख्य कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, सत्येन्द्र सिंह, एच0के0 चन्द्राकर, जोन आयुक्त टी0के0 रणदिवे, संजय बागड़े, एस0पी0 साहू, आर0के0 साहू, वाई0 राजेन्द्र राव, जितेन्द्र ठाकुर, सुनील जैन, संजय शर्मा, मूर्ति शर्मा, धमेन्द्र मिश्रा, जावेद अली, पुरुषोत्तम साहू, रामेश्वर चन्द्राकर, भैय्यालाल असाटी, शिव शर्मा सहित निगम मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शरद दुबे ने किया।

जनसम्पर्क अधिकारी